nandgaon times jan-24-3.qxd 1/23/2025 11:57 PM Page 1

बोडला में 05 दिवसीय हिंदू संगम... पृष्ठ 2 | नगरीय निकाय निर्वाचन 2025: - महापौर पद... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स





नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

**श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर**

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


शुक्रवार, 24 जनवरी 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 102, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

# छत्तीसगढ़ में निवेशकों के लिए बिछाया रेड कारपेट : सीएम



**रायपुर।** मुंबई में हाल ही में आयोजित इन्वेस्टर कनेक्ट मीट में छत्तीसगढ़ के लिए विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) के रास्ते खुल गए हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुंबई में अमेरिकी कॉन्सल जनरल और रशिया कॉन्सल जनरल से मुलाकात की। दोनों अधिकारियों ने छत्तीसगढ़ में निवेश की इच्छा जताते हुए राज्य के अनुकूल कारोबारी माहौल की सराहना की। मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि नई औद्योगिक नीति के कारण अब तक छत्तीसगढ़ ने लगभग 1 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव आकर्षित किए हैं। ये प्रस्ताव हाल ही में रायपुर, दिल्ली और मुंबई में आयोजित इन्वेस्टर कनेक्ट समिट के दौरान प्राप्त हुए। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने इन्वेस्टर्स कनेक्ट मीट में देश के प्रमुख उद्योगपतियों और निवेशकों से सीधा संवाद किया। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए कहा हमने नई उद्योग नीति के माध्यम से निवेशकों के लिए रेड कारपेट बिछाया है। इस दौरान उन्होंने निवेशकों को हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम में शामिल हुए प्रमुख उद्योगपतियों से छत्तीसगढ़ सरकार को छह हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव भी प्राप्त हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने राज्य की नई औद्योगिक नीति 2024-30 की खूबियों को साझा करते हुए कहा कि निवेशकों की पसंदीदा नीति बनाने के लिये हमने च्च्न्यूनतम शासन-अधिकतम प्रोत्साहनज्ज् को सूत्रवाक्य के रुप में अपनाया है। इसके अंतर्गत हमने एनओसी की प्रक्रिया को बेहद आसान कर दिया है। सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से अब क्लियरेंस हो रहे हैं। इससे निवेशकों को खासी राहत मिल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा नई उद्योग नीति में निवेश एवं रोजगार के अवसरों में वृद्धि के लिए 1 हजार करोड़ रुपए अथवा एक हजार लोगों को रोजगार देने वाले उद्योगों को बी-स्पोक नीति का अवसर प्रदान किया गया है। इस नीति में 30 से 50 प्रतिशत तक एवं 200 से 450 करोड़ रुपए तक स्थायी पूंजी निवेश का प्रावधान किया गया है। 5 से 12 वर्ष तक नेट एसजीएसटी प्रतिपूर्ति, रोजगार एवं ईपीएफ प्रतिपूर्ति तथा प्रशिक्षण व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए आकर्षक प्रावधान किये गये हैं। मुख्यमंत्री ने बताया नये जमाने के उद्योगों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, रोबोटिक्स, कंप्यूटिंग, ग्रीन हाइड्रोजन जैसे क्षेत्रों में निवेश के लिए आकर्षक प्रावधान रखे गये हैं। नवा रायपुर में हम डाटा सेंटर भी आरंभ कर रहे हैं। नवा रायपुर को हम आईटी हब के रूप में विकसित कर रहे हैं और यहां आईटी कंपनियों ने काम करना आरंभ कर दिया है। नवा रायपुर आधुनिक सुविधापूर्ण और व्यवस्थित शहर है साथ ही ग्रीनफील्ड शहर भी हैं जिससे आईटी इंडस्ट्री के विकास के लिए यहां भरपूर संभावनाएं हैं। इसके साथ ही इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रानिक्स, फार्मा, टैक्सटाइल, फूड एंड एग्रो प्रोसेसिंग जैसे क्षेत्रों में भी विशेष रियायत दी गई है। हम नवा रायपुर में फार्मास्यूटिकल पार्क भी स्थापित कर रहे हैं जो सेंट्रल इंडिया का सबसे बड़ा फार्मास्यूटिकल पार्क होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर में नगरनार स्टील प्लांट के पास ग्राम नियानार में हम 118 एकड़ में नये औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना करने जा रहे हैं। इससे यहां बड़े पैमाने पर लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यमों को स्थापना के अवसर मिलेंगे।




उन्होंने बताया बस्तर और सरगुजा को हमने सर्वाधिक औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन क्षेत्र के रूप में रखा है। यहां कोर सेक्टर प्रोत्साहन, आयरन और कोल रायल्टी में 50 से 100 प्रतिशत तक छूट है। सेस की प्रतिपूर्ति 150 प्रतिशत तक किये जाने का प्रावधान है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इन्वेस्टर कनेक्ट मीट के दौरान अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के काउंसल जनरल श्री माइक हैंकी व रूस के काउंसल जनरल इवान फेटिसोव से मुलाकात की। इस दौरान काउंसल जनरल ने स्वास्थ्य, शिक्षा, आईटी और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की। इस मीट में उद्योग विभाग के मंत्री श्री लखन लाल देवांगन, छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध सिंह, सचिव श्री राहुल भगत, उद्योग विभाग के सचिव श्री रजत कुमार, नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ की इन्वेस्टमेंट कमिश्नर सुश्री ऋतु सैन और सीएसआईडीसी के प्रबंध संचालक श्री विश्वेश कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए हैं। इन्वेस्टर कनेक्ट मीट में अम्बुजा सीमेंट लिमिटेड ने राज्य में 2367 करोड़ के निवेश प्रस्ताव की घोषणा की। वहीं बॉम्बे हॉस्पिटल ट्रस्ट ने राज्य में विश्वस्तरीय अस्पताल बनाने की इच्छा जताई है, जिसके लिए उन्होंने 700 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव दिया है। नया रायपुर में अस्पताल की स्थापना से न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि आसपास के राज्यों को भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। प्लास्टिक और टेक्सटाइल के क्षेत्र में अग्रणी वेलस्पन ग्रुप ने छत्तीसगढ़ में 500 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना साझा की है। वहीं ड्रूल्स कंपनी ने पालतू जानवरों के आहार के उत्पादन को बढ़ाने के लिए राजनांदगांव में 625 करोड़ रुपये का निवेश की घोषणा की है। कंपनी द्वारा ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए 30 मेगावॉट सोलर पावर प्लांट भी लगाया जाएगा। इसके साथ ही क्रिटेक टेक्नोलॉजीज ने राज्य में आईटी क्षेत्र में 600 करोड़ रुपये का निवेश के प्रस्ताव दिए हैं।

# पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उठाए चुनाव प्रक्रिया पर गंभीर सवाल



**रायपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेश बघेल ने राज्य निर्वाचन आयुक्त को पत्र लिखकर स्थानीय निकाय और पंचायत चुनाव प्रक्रिया पर कई गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने चुनावी पारदर्शिता और निष्पक्षता को लेकर गहरी चिंता जताई है।

**ईवीएम के साथ वीवीपैट का न होना**

भूपेश बघेल ने पूछा है कि क्या यह सही है कि इन चुनावों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का उपयोग तो होगा, लेकिन वीवीपैट का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। यदि ऐसा है, तो उन्होंने इसे चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता पर बड़ा प्रश्न चिह्न बताया है।

**एक ही मशीन पर दो मत डालने की प्रक्रिया**

उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि क्या महापौर, नगर पालिका अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष और पार्षदों के मत एक ही ईवीएम पर डाले जाएंगे। यदि ऐसा है, तो यह भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में पहली बार होगा। उन्होंने पूछा कि बिना मतदाताओं को इस नई प्रक्रिया के लिए प्रशिक्षित किए, इसे लागू करना क्या उचित है। इसके अलावा, उन्होंने यह जानना चाहा कि इसके लिए नई मशीनें मंगवाई गई हैं या पुरानी मशीनों को फिर से प्रोग्राम किया गया है।



**मशीनों की प्रोग्रामिंग और मेंटेनेंस पर सवाल**

पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी पूछा कि इन ईवीएम मशीनों की प्रोग्रामिंग और नियमित मेंटेनेंस की जिम्मेदारी किस एजेंसी को दी गई है। क्या यह एजेंसी केंद्रीय चुनाव आयोग द्वारा अधिकृत है या नहीं।

**चुनाव परिणाम जारी करने की प्रक्रिया**

उन्होंने केंद्रीय चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों का हवाला देते हुए सवाल किया कि यदि कई चुनाव एक साथ हो रहे हैं, तो परिणाम अंतिम चुनाव के बाद ही घोषित किए जाने चाहिए। लेकिन मौजूदा चुनाव कार्यक्रम के अनुसार, चुनावों के बीच में ही परिणाम घोषित किए जाएंगे। उन्होंने इसे चुनावों की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर असर डालने वाला बताया। भूपेश बघेल ने कहा कि इन सवालों का स्पष्ट जवाब दिया जाना चाहिए ताकि जनता के मन में चुनाव प्रक्रिया को लेकर कोई संदेह न रहे। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने की अपील की।

# भीमनानी परिवार को शोक सांत्वना देने पहुंचे डॉ रमन सिंह



**राजनंदगांव ( नांदगाँव टाइम्स )।** विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह आज अपने व्यस्ततम प्रवास पर राजनांदगांव के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए, इस दौरान वे भाजपा नेता सुरेश-रूपचंद भीमनानी के पिता स्व.श्री हसमतराय भीमनानी के दुखद निधन के पश्चात भीमनानी परिवार के अनुज रूपचंद के निज प्रतिष्ठान मारुति होलीडेज स्टेशन रोड पहुंचे और भीमनानी परिवार में हुए दुखद निधन पर शोक सांत्वना प्रकट की इस अवसर पर प्रमुख रूप से परिवार के प्रकाश, बेदराज एवं चंद्रपाल भीमनानी, सहित समाज के अध्यक्ष मन्नुमल मोटलानी, ब्रह्मानंद बजाज,अर्जुन वाधवानी,पवन गणसानी, दौलत रामचंदानी,भीमन धनवानी, पंकज जेठानी, भरत भीमनानी,तरुण भीमनानी, रवि बोधानी,दीपक एवं अमित पटेल उपस्थित थे।

# आप से महापौर के लिए कमलेश स्वर्णकार ने भरा नामांकन

## कमलेश स्वर्णकार को कांग्रेस बीजेपी से नाराज मतदाताओं और नेताओं का मिल सकता है भारी समर्थन

**राजनंदगांव ( नांदगाँव टाइम्स )।** शहर में सक्रिय तीन राष्ट्रीय पार्टी में से एक आम आदमी पार्टी के मेयर पद के उम्मीदवार कमलेश स्वर्णकार ने आज समर्थकों के साथ पहुंचकर अपना नाम निर्देशन पत्र जमा कर दिया है।उनकी इस उम्मीदवारी से यह कयास लगाए जा रहे हैं। कि कांग्रेस बीजेपी इन दोनों राष्ट्रीय दलों से नाराज बड़ी संख्या में मतदाता और कार्यकर्ता वरिष्ठ पत्रकार श्री स्वर्णकार की तरफअवश्य पलटी मारेंगे। इससे आम आदमी पार्टी बड़े फायदे में रहेगी। इसको लेकर आम आदमी पार्टी में हर्ष व्याप्त है। नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत नगरीय निकाय हेतु कमलेश स्वर्णकार ने महापौर पद के लिए आम आदमी पार्टी से नाम निर्देशन फार्म लेने के दौरान मुख्य रूप से आम आदमी पार्टी के लोकसभा अध्यक्ष भूपेश तिवारी, चंद्रमणि वर्मा, चित्र गुरुदेव, ललित गुप्ता, मंजू मिश्रा, सुरजीत सिंह भाटिया, अशोक चौबे, प्रभांशु खोबरागड़े, सोमेश्वर रामटेके, आरिफ खान, विवेक सिंह, कुलेश्वर साहू , शाहिद भाई, राजू यादव, बृजकिशोर शर्मा, धीरेंद्र राजपूत, पंचराम साहू, पवन पटवा, विजय गुप्ता, अर्चना ठाकुर, वरुण तिवारी, हेमराज वर्मा , ललित साहू , अधिवक्ता विनोद शुक्ला, रमेश यादव, शुभम शर्मा, मोहित राजपूत, सुदामा साहू, विक्रांत उमरी, राहुल गजभिए, राजू रामटेके, भूपेंद्र साहू, राजेश देशमुख, यीशु चांदनी, खपरी राम साहू, भागवतसाहू, दीपक तिवारी, गौरी शंकर साहू सहित आम आदमी पार्टी के नेता व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# उदितमुनि नाम साहब महाराज देवकी नंदन ठाकुर जी से उनकी छावनी में भेंट करने पहुँचे

**डोंगरगांव ( नांदगाँव टाइम्स )।** महाकुंभ मेला, प्रयागराज के नौवें दिवस पर नवोदित वंशाचार्य परम पूज्य पंथ श्री उदितमुनि नाम साहब अपनी सदगुरू कबीर नवोदय यात्रा महाकुंभ 2025 के अंतर्गत महाराज देवकी नंदन ठाकुर जी से उनकी छावनी में भेंट करने पहुँचे। महाराज जी ने छावनी में पहुँचने पर नवोदित वंशाचार्य साहब का आत्मीय स्वागत किया। इसके पश्चात नवोदित वंशाचार्य साहब ने केडीवी मिशन द्वारा किए जा रहे सामाजिक और आध्यात्मिक कार्यों की जानकारी प्रदान की। महाराज जी ने इन कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सद्गुरु कबीर साहब का नाम इतना ऊँचा है कि उनके बिना हमारी कथाएँ अधूरी रहती हैं। आगे नवोदित वंशाचार्य साहब ने कहा कि आप सनातन के लिए काफ़ी अच्छा काम कर रहे हैं और इस काम में हमारा पूरा समर्थन आपके साथ है। भेंट के अंत में नवोदित वंशाचार्य साहब ने महाराज जी को सद्गुरु कबीर साहब के कई ग्रंथ उपहार स्वरूप भेंट किए और उन्हें अपनी छावनी में सादर आमंत्रित किया।



# संत-महंतों एवं केडीवी मिशन के पदाधिकारियों के साथ संत अनिरुद्धाचार्य जी से उनकी छावनी में भेंट-मुलाकात की



**डोंगरगांव ( नांदगाँव टाइम्स )।** महाकुंभ मेला प्रयागराज के पंचम दिवस पर नवोदित वंशाचार्य परम पूज्य पंथ श्री उदितमुनि नाम साहब ने अपने संत-महंतों एवं केडीवी मिशन के पदाधिकारियों के साथ संत श्री अनिरुद्धाचार्य जी से उनकी छावनी में भेंट-मुलाकात की। छावनी में पहुंचने पर संत श्री अनिरुद्धाचार्य जी ने नवोदित वंशाचार्य साहब का हार्दिक और आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने बड़े ही सम्मान और श्रद्धा के साथ नवोदित वंशाचार्य साहब को विशेष आसन पर विराजमान कराया। केडीवी मिशन के पदाधिकारियों एवं पंथ के वरिष्ठ महंत साहबों ने संत श्री अनिरुद्धाचार्य जी को नवोदित वंशाचार्य साहब एवं कबीरपंथ का संक्षिप्त परिचय दिया। तत्पश्चात, केडीवी मिशन के मिशन प्रमुख श्री ओम राजेश फुत्तारिया जी ने आचार्य जी को केडीवी मिशन की विस्तृत जानकारी प्रदान की, जिसकी उन्होंने काफी सराहना की। तत्पश्चात नवोदित वंशाचार्य साहब और आचार्य जी के मध्य वार्तालाप हुआ। नवोदित वंशाचार्य साहब ने सद्गुरु कबीर साहब के मूल सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने और केडीवी मिशन के माध्यम से विश्व कल्याण की बात कही। अनिरुद्धाचार्य जी ने भी सद्गुरु कबीर साहब के विचारों की महत्ता को स्वीकारते हुए उनके दोहों और साखियों के माध्यम से समाज को मार्गदर्शन देने की बात कही। नवोदित वंशाचार्य साहब और आचार्य जी के बीच आधे घंटे तक



गहन आध्यात्मिक चर्चा हुई। अंत में अनिरुद्धाचार्य जी ने शॉल ओढ़ाकर नवोदित वंशाचार्य साहब को अपना स्नेह प्रदान किया। साथ ही अनिरुद्धाचार्य जी ने नवोदित वंशाचार्य साहब को वृंदावन में स्थित उनके गौरी-गोपाल आश्रम में नवनिर्मित गौरी-गोपाल मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सादर आमंत्रित किया। नवोदित वंशाचार्य साहब ने भी अनिरुद्धाचार्य जी को सद्गुरु कबीर साहब के कई ग्रंथ उपहार स्वरूप भेंट किए।

# कलेक्टर से जल बहिनी श्रीमती खिलेश्वरी साहू ने की सौजन्य मुलाकात

**राजनांदगांव ( नांदगाँव टाइम्स )।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी 2025 को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में जल जीवन मिशन अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम ढोडिया की जल बहिनी श्रीमती खिलेश्वरी साहू को शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल से जल बहिनी श्रीमती खिलेश्वरी साहू ने जिला कार्यालय के कलेक्टर कक्ष में सौजन्य मुलाकात की। कलेक्टर ने श्रीमती खिलेश्वरी साहू को नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि श्रीमती खिलेश्वरी साहू ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की सक्रिय सदस्य है। उनके द्वारा ग्राम ढोडिया में एफ्टीके के माध्यम से जल स्त्रोतों की जांच की जाती है। साथ ही ग्रामीणों को जल उपयोगिता एवं जल संरक्षण हेतु जागरूक कर रही है। सभी ग्रामीणों को प्रतिमाह समय पर जल कर जमा करने के लिए प्रेरित करती है। श्रीमती खिलेश्वरी साहू ग्राम में संचालित नल जल योजना के प्रति ओनरशिप डेवलप करने हेतु सराहनीय कार्य किया गया है।



nandgaon times jan-24-3.qxd 1/23/2025 11:57 PM Page 2



## देवांगन समाज के नवनिर्मित मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा साकरदाहरा में समापन आज

**डोंगरगांव ( नांदगाँव टाइम्स )।** साकरदाहरा देवरी में देवांगन प्राण प्रतिष्ठा समाज डोगरगांव राज का नवनिर्मित मंदिर में देवांगन समाज के



ईष्ट देवी माता परमेश्वरी का प्राणप्रतिष्ठा का दो दिवसीय कार्यक्रम 23 और 24 जनवरी को आयोजित किया गया है इस कार्यक्रम में देवांगन समाज के 35 गाँव में स्वजातीय बंधुओं को आमंत्रित किया गया है सभी स्वजातीय बंधुओं ने इस कार्यक्रम में तन मन धन का योगदान दे रहे हैं सभी एकजुटता का परिचय दे रहे हैं 24 जनवरी को विशेष कार्यक्रम और समापन है जिसमें अतिथि के रूप मे क्षेत्र होगा कार्यक्रम में विधायक भोलाराम साहू, दलेश्वर साहू विधायक डोगरगांव पूर्व विधायक छन्नी साहू विधायक एवं राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय है कार्यक्रम में देवांगन समाज के जिला पदाधिकारियो भी शामिल होंगे ,

## दिग्विजय महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा शिक्षक पालक बैठक का आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगाँव टाइम्स )।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में विभागाध्यक्ष डॉ अमिता बक्शी के



मार्गदर्शन में शिक्षक पालक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभागाध्यक्ष ने बताया कि महाविद्यालय के छात्रों का समग्र विकास तभी संभव है जब पालक भी समय समय पर महाविद्यालय से उनके शैक्षणिक स्तर की जानकारी लेते रहे। उन्होंने विभाग में उपलब्ध सुविधाओं के बारे मे जानकारी दी तथा पलकों को इसे और अधिक बेहतर बनाने हेतु सुझाव देने के लिए भी कहा। उक्त बैठक में स्नातकोत्तर प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्र छात्राएं तथा श्रीमती पुनिया बाई देवांगन, श्री लोकनाथ भारती,श्री ईश्वर श्रीवास और विक्रम यादव के साथ ही साथ प्रो. संजय सप्तर्षि एवं प्रो दीपक कुमार उपस्थित रहे।

## मतदाता सूची का अवलोकन 6 फरवरी तक

**राजनांदगांव ( नांदगाँव टाइम्स )।** नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 अंतर्गत जिले के मतदाता सूची का अवलोकन 6 फरवरी 2025 तक जिला पंचायत राजनांदगांव में किया जा सकता है। मतदाता सूची का अवलोकन कराने के लिए राजस्व निरीक्षक श्री चन्द्रहास भण्डारी एवं श्री चोलाराम पटेल की ड्यूटी लगाई गई है।

## अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अवकाश प्रतिबंधित

**राजनांदगांव ( नांदगाँव टाइम्स )।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन की कार्रवाई संपन्न होने तक सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय, केन्द्रीय कार्यालयों एवं भारत सरकार के उपक्रमों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सभी प्रकार के अवकाश को प्रतिबंधित कर दिया है। निर्वाचन के दौरान जिले में पदस्थ कोई भी अधिकारी एवं कर्मचारी, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अथवा कलेक्टर द्वारा अधिकृत अधिकारी के अनुमति के बिना अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे। कोई भी अधिकारी व कर्मचारी बिना अनुमति के अवकाश पर जाने अथवा मुख्यालय परित्याग करने पर संबंधित जिला प्रमुख व नियंत्रण अधिकारी जिम्मेदार होंगे।

**शुभांक**

1-2-6

260-8 145-0

**भाग्यांक**

469-9 378-8

# बोडला में 05 दिवसीय हिंदू संगम मेला का विशाल कलश यात्रा के साथ 25 जनवरी से होगा आयोजन



**पोड़ी ( नांदगाँव टाइम्स )।** माघ माह की मौनी अमावस्या के अवसर पर बोडला बांधाटोला स्थित हिंदू संगम मेला स्थल पर 25 जनवरी से 29 जनवरी तक पांच दिवसीय हिंदू संगम मेला का आयोजन किया जा रहा है। लाखों की संख्या में श्रद्धालु इस मेला में हिस्सा लेने के लिए पहुंचेंगे। मेला के पहले दिन विशाल कलश यात्रा और घट स्थापना का आयोजन होगा। कलश यात्रा बोडला के श्रीराममंदिर से शुरू होकर मेला स्थल तक पहुंचेगी। इस अवसर पर कवर्धा से एक बाइक रैली मेला स्थल तक निकाली जाएगी। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा, जिसमें खैरझिटी के नंद कुमार साहू द्वारा छत्तीसगढ़ी कथा सुनाई जाएगी।

**जनजाति, बैगा गुनिया और संत सम्मेलन का आयोजन**

इस वर्ष के मेला में विशेष रूप से जनजाति, बैगा गुनिया और संत सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। 27 जनवरी को हिंदू जनजाति समाज के सम्मेलन के अलावा, बैगा गुनिया समुदाय के लोग भी मेला में भाग लेंगे। 29 जनवरी को संत सम्मेलन आयोजित होगा, जिसमें मठ मंदिरों में पूजा अर्चना करने वाले पुजारियों को सम्मानित किया जाएगा।

**विशाल भंडारे का आयोजन**

मेला के दौरान पांच दिवसीय विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सर्व हिंदू समाज के लोग एक साथ जमीन पर बैठकर संगत और पंगत में भोजन करेंगे। इस आयोजन का उद्देश्य समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करना और सामूहिकता को बढ़ावा देना है।

**विभिन्न दुकानों और झूलों से सुसज्जित मेला**

मेला स्थल पर विभिन्न प्रकार की दुकानें और झूले लगाए जाएंगे, जिससे मेला स्थल पर आने वाले लोग आनंद ले सकेंगे। यह आयोजन हर वर्ग के लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र होगा।

**29 जनवरी को मुख्यमंत्री और अन्य प्रमुख व्यक्तित्व होंगे शामिल**

हिंदू संगम मेला के समापन अवसर पर 29 जनवरी को सनातन हिंदू धर्मसभा का आयोजन किया जाएगा।मेला की जानकारी देते हिन्दू संगम आयोजन समिति के संयोजक दुर्गेश वर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रांत संघ चालक डॉ. टोपलाल वर्मा, जिला संघ चालक दानेश्वर परिहार, प्रांत प्रचारक अभयराम जी, सहायक सचिव लक्ष्मण राज सिंह, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पांडे, पंडरिया विधायक भावना बोहरा और सांसद श्रीमती रानी कीर्ति देवी सिंह शामिल होंगे।



# दिग्विजय महाविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा पोषक विद्यालय संपर्क अभियान का आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगाँव टाइम्स )।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता मैडम जी के निर्देशन में एवं इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ शैलेंद्र सिंह के कुशल निर्देशन में पोषक विद्यालय संपर्क अभियान के अंतर्गत ठाकुर प्यारेलाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का प्रचार प्रसार किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति की विस्तार से चर्चा करते हुए डॉ. शैलेंद्र सिंह, सहायक प्राध्यापक,(इतिहास विभागअध्यक्ष), ने विद्यालय में उपस्थित छात्र/छात्राओ को बताया कि केंद्र सरकार द्वारा इस शिक्षा नीति के उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में सकल अनुपात दर को बढ़ाना,मल्टीपल एंट्री और एग्जिट के द्वारा शिक्षा को सरल एवं सुगम बनाना, साथ ही किसी भी विषय का विद्यार्थी कोई भी विषय लेकर पढ़ सकता है जैसे मानविकी, कला या समाज विज्ञान विषय से संबंधित विद्यार्थी अपने रुचि के अनुरूप विज्ञान या वाणिज्य के विषय का चयन कर सकता है, उसी तरह विज्ञान या वाणिज्य का विद्यार्थी कला साहित्य के विषयो में भी निपुण हो सकता है। हिरेंद्र बहादुर ठाकुर (सहायक अध्यापक इतिहास)ने छात्र-छात्राओं को इस शिक्षा नीति के बारे में बताते हुए कहां की सबसे ज्यादा जोर कौशल विकास एवम मूल्य वर्धित शिक्षा पर है क्योंकि विद्यार्थी कौशल विकास से स्वरोजगार के अवसर ढूंढ सकता है और मूल्य वर्धित शिक्षा से मानवीय मूल्यों को समझ सकता है,आगे उन्होंने ये भी बताया कि जिले के अग्रणी महाविद्यालय शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में नई शिक्षा नीति पर आधारित यह पाठ्यक्रम लागू हो चुका है तथा 12वी पास कोई भी विद्यार्थी मेरिट के आधार पर प्रवेश ले सकता है इस अवसर पर इतिहास विभाग के डॉ. अजय शर्मा सर और एम.ए. इतिहास के छात्र छात्राएं उपस्थित थे।



## राममंदिर के एक वर्ष पूर्ण होने पर व्यायाम शाला में पूजा अर्चना

**राजनांदगांव ( नांदगाँव टाइम्स )।** स्थानीय नंदई चौक कोठार पारा में एक्सपर्ट जिम (व्यायाम शाला) में 22 जनवरी को संध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा दिवस के एक वर्ष पूर्ण होने पर व्यायाम शाला के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सदस्यों की उपस्थिति में श्रीराम एवं हनुमान जी की पूजा आरती एवं प्रसादी वितरण का कार्यक्रम आयोजित की गई। जिसमें जिम में अभ्यासरत खिलाडियों ने आरती में भाग लेकर हनुमान चालीसा पाठन कर जयश्रीराम, जय हनुमान का नारा लगाकर जयघोस किया। इस अवसर पर श्रीमती अंजू बंजारे, धनेश्वरी बंजारे, समारिन जोशी, सुरेखा पंचभावे, प्रतिमा बंजारे, तुषार वैष्णव, तामेश्वर प्रसाद, खिलेश्वर प्रसाद, विक्रम बडके, ललिता ठाकुर, जितेन्द्र कुमार, सुभाष हरिहारनो, नवीन शर्मा, जय साहू आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी एक्सपर्ट जिम की उपाध्यक्ष अंजू बंजारे ने प्रेस विज्ञप्ति में दी।



# चुनावी तैयारी के संबंध में एसडीएम व तहसीलदार ने ली पत्रकारवार्ता

**डोंगरगांव ( नांदगाँव टाइम्स )।** सोमवार को नगरीय एवं त्रिस्तरीय चुनावों की घोषणा के साथ ही प्रशासन ने निर्वाचन कार्य को लेकर सतर्कता बढ़ा दी है। वहीं अपनी तैयारियों और मतदाताओं की संख्या सहित नामांकन, चुनाव प्रक्रिया और मतगणना के संबंध में एसडीएम श्रीकांत कोराम और तहसीलदार पीएल नाग ने पत्रकारवार्ता में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव के घोषणा किए जाने के बाद से ही आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। नगर पंचायत के लिए बुधवार से नाम निर्देशन पत्र जमा करने की प्रकिया प्रारंभ हो गई। जिसमें एक उम्मीदवार ने नामंकन फार्म लिया है। इस संदर्भ एसडीएम एवं नगरीय चुनाव के निर्वाचन अधिकारी श्री कोराम ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देशों के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी बुधवार 22 से लेकर 28 जनवरी तक अपनी उम्मीदवारी निर्धारित प्रपत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ सुबह साढे दस से दोपहर तीन बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। उन्होने बताया कि, इसके लिए एसडीएम कार्यालय में अध्यक्ष एवं पार्षद पद के नाम निर्देशन पत्र जमा करने के लिए अलग कक्ष बनाए गए है। साथ ही आत्मानंद स्कूल



परिसर के कक्ष को स्ट्रांग रूम बनाया गया है। मतदान ईवीएम मशीन से होगी और मतगणना सांस्कृतिक भवन में होगी। नगरीय निकाय चुनाव में कुल मतदाताओं की संख्या 11942 है। जिसमे महिला मतदाता 6177 और पुरुष मतदाता 5765 हैं।

**त्रि स्तरीय पंचायत चुनावा के 27 से नाम निर्देशन**

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए पंच, सरपंच एव जनपद सदस्य पदो के लिए आगामी 27 जनवरी से नामाकंन पत्र लिए जाऐंगें। इस संदर्भ में तहसीलदार व क्षेत्र के रिर्टनिंग आफीसर पी एल नाग ने बताया कि जनपद क्षेत्र में 20 जनपद सदस्यों 76 सरंपच व एक हजार 57 पंच पद के लिए चुनाव होना है। राज्य निर्वाचन आयोग से मिले निर्देशानुसार इन पदो के लिए अभ्यर्थी 27 जनवरी से 3 फरवरी तक अपना फार्म जमा कर सकते है। अभ्यर्थियों के सुविधा के लिए जनपद क्षेत्र में कुल 10 सेक्टर जनपद मुख्यालय डोंगरगांव, ग्राम पंचायत करमतरा, खुर्सीपार, टप्पा, तुमडीबोड, कोकपुर, अर्जुनी, रामपुर, दीवानभेडी, एवं बांकल को बनाए गए है। जहां पंच एवं सरपचं पद के लिए नाम निर्देशन जमा किए जाऐंगे। इसी प्रकार जनपद सदस्य के लिए इच्छुक अभ्यर्थी कार्यालय तहसीलदार एवं रिर्टनिंग आफीसर डोंगरगांव में निर्धारित समयावधि में अपना नामांकन दाखिल कर सकते है। उन्होने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव हेतु कुल 98,679 मतदाता हैं। जिनमे से महिला मतदाता 49,349 और पुरुष मतदाता 49,330 हैं। वहीं किसी भी समस्या या जानकारी हेतु एसडीएम कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाया गया है। वहीं टेलीफोन नंबर 9617192482 तथा एसडीएम कार्यालय का नंबर 7440713026 दिया गया है। वहीं त्रिस्तरीय पंचायत के लिए कंट्रोल रूम का नंबर 07745-296704 जारी किया गया है।

## अर्जुनी शराब भट्टी के सामने से बाईक पार

**डोंगरगांव ( नांदगाँव टाइम्स )।** मोबाईल गुम होने की खोजबीन में पहुंचे एक ग्रामीण की अर्जुनी शराब भट्टी के पास से किसी ने बाईक ही कर दी। इससे उसके ऊपर दुहरी मुसीबत आन पड़ी और अब परेशान होकर इधर उधर भटकने को मजबूर है। पुलिस से मिली जानकारी ग्राम केसला निवासी विजय साहू आ. हिरामन साहू बीते दिवस अपनी गुम हुई मोबाईल की पतासाजी के लिए अर्जुनी शराब भट्टी अपनी मोटरसाईकल सुपर स्पलेण्डर क्र. सीजी 08 वाई 7582 से पहुंचा था। वहां पर उसने अपनी मोटरसाइकल दुकान के आसपास खड़ा किया था और गुम मोबाईल की पतासाजी में जुटा था। इस दौरान जब मोबाईल न मिलने पर अपनी बाईक लेने के लिए गया तो जिस स्थान पर बाईक खड़ा किया था, वहां से वह गायब था। आसपास बहुत खोजने के बाद भी जब बाईक नहीं मिली तो उसने आरक्षी केन्द्र में इसकी सूचना दी। पुलिस ने इस मामले में बीएनएस की धारा 303 (2) के तहत् मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। गुम बाईक की कीमत 40 हजार रू. आंकी गई है।

# नवीन जिला केसीजी निषाद समाज के जिलाध्यक्ष फत्तेराम 609 मतों से जीते



**राजनांदगांव ( नांदगाँव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ निषाद (केवट) समाज के अंतर्गत नवीन जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई का चुनाव सामाजिक भवन अमलीडीह (खैरागढ) में मुख्य चुनाव केन्द्रीय समिति चुनाव प्रभारी गिरधर निषाद प्रदेश सचिव, अशोक निषाद प्रदेश कोषाध्यक्ष, जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, श्री एस आर निषादराज प्रदेश संगठन सलाहकार, मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय निषाद, बसंत लारिया जिला सहायक निर्वाचन अधिकारी, सहायक निर्वाचन अधिकारी चैन कुमार निषाद, सहायक निर्वाचन अधिकारी टीकम निषाद के उपस्तिथि में अध्यक्ष पद का चुनाव मतदान प्रक्रिया के तहत चुनाव बहुत ही शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ ।

सहायक निर्वाचन अधिकारी चैन कुमार निषाद सोनवानी ने बताया कि जिला संगठन खैरागढ़-छुईखदान-गंडई का जिलाध्यक्ष का निर्वाचन फत्तेराम निषाद गेन्ड्रा ने 609 मतों से विजयी हुए । निर्वाचन में फत्तेराम निषाद व ईश्वर निषाद के विरुद्ध मतदान हुआ । निर्वाचन में कुल मतदाता की संख्या 1778 में 892 मतदाताओं ने अपना मत का प्रयोग किया । जिसमें 35 मत अवैध तथा 124 मत अध्यक्ष प्रत्याशी ईश्वर निषाद सिंगारघाट को मिला एवं अध्यक्ष प्रत्याशी फत्तेराम निषाद को 733 मत प्राप्त हुए । मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय लाल निषाद ने फत्तेराम निषाद को अध्यक्ष पद पर 609 मतों से विजयी घोषित किया गया ।

**केसीजी संगठन के शेष पदों पर निर्वाचन हुआ निर्विरोध**

उपाध्यक्ष गैंदलाल निषाद अकरजन, महिला उपाध्यक्ष श्रीमती शारदा निषाद छुईखदान, महासचिव खेमलाल निषाद खपरी सिरदार, कोषाध्यक्ष संत निषाद खैरागढ़, सचिव (पुरुष-महिला) शत्रुहन निषाद झूरानदी व श्रीमती बबीता निषाद अमलीडीह, अंकेक्षक नूतन निषाद अमलीडीह खुर्द, संगठन सचिव रामअवतार निषाद कटंगीकला, उपसंगठन सचिव रमेश निषाद खैरी व लोमेश कुमार निषाद धनगांव, कार्यालय सचिव चरनराम निषाद अमलीडीह, प्रचार सचिव बीरेन्द्र निषाद चंदैनी निर्विरोध निर्वाचित हुए । निर्वाचन प्रभारियों व निर्वाचन अधिकारियों मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय निषाद ने जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर छत्तीसगढ़ राज्य में खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले का नाम रोशन करने बधाई व शुभकामनाएं दी । नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को समाज के सभी लोगों ने हार फूल माला गुलाल से स्वागत किया एवं नवीन जिला संगठन निर्वाचन होने पर सभी मतदाताओं व आम नागरिकों में काफी खुशी का माहौल है ।



**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं खुशबू मालाणी D/O किशोर मालाणी (KHUSHBOO MALANI D/O KISHOR MALANI ) निवासी हाउस नं. 304/के, माहेश्वरी मेडिकल एजेंसीज के ऊपर, लखोली रोड, वार्डन. 29, राजनांदगाव (छ .ग.) (H.NO. 304/K, ABOVE MAHESHWARI MEDICAL AGENCIES, LAKHOLI ROAD, WARD NO. 29, RAJNANDGAON (C.G.) यह शपथ करती हूँ की मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम खुशबू लोहिया W/O निखिल लोहिया ( KHUSHBOO LOHIYA W/O NIKHIL LOHIYA ) रख लिया है। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम खुशबू लोहिया W/O निखिल लोहिया ( KHUSHBOO LOHIYA W/O NIKHIL LOHIYA) के नाम से ही जाना व पहचाना जावेगा।

**खुशबू लोहिया**
**( KHUSHBOO LOHIYA )**
**W/O निखिल लोहिया**
**( NIKHIL LOHIYA )**
हाउस न. 304/ के, माहेश्वरी मेडिकल, एजेंसीज के ऊपर, लखोली रोड, वार्डन. 29, राजनांदगाव (छ .ग.).

**न्यायालय तहसीलदार छुईखदान के न्यायालय मे मामला**

क्रमांक: 202501290800036
विषय:-ब-121 मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन:- 2024-2025
छुईखदान प.ह.न. 00014 [(हे0) ]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार सोहन.
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सोहन पिता दीनदयाल जाति गडरिया निवासी छुईखदान तहसील छुईखदान के द्वारा कृषक ग्राम छुईखदान प.ह.नं. 14 तहसील छुईखदान स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि कुल खसरा नम्बर 05 कुल रकबा 1.234 हे. भूमि का मूल भू-अधिकार एवं ऋण पुस्तिका गुम होने से भू-अधिकार एवं ऋण पुस्तिका की द्वितीय प्रति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई दावा-आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 10-02-2025 को या पूर्व इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, तिथि समाप्त पश्चात् प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20/01/2025 को जारी किया जाता है।

सील **तहसीलदार छुईखदान**

**न्यायालय तहसीलदार छुरिया मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भ :- जिला- राजनांदगाँव तहसील- छुरिया प.ह.न.-00020 छुरियाकला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- ष्ट्र-2024-25-126-1-2385

**ईश्तहार**

तहसील छुरिया के प.ह.न. 00020 के अंतर्गत ग्राम छुरियाकला के वर्तमान भूमिस्वामी NA BA ARISH पिता/पति ARSHIYA पता- WARD NO. 6 CHHURIYA KALA TEH DONGARGAON DIST. RAJNANDGAON,, अबान पिता/पति-स्व असलम भाई पता-प्लाट न. 82 शारदा चौक के पास कटोल रोड नागपुर महाराष्ट्र, अर्थिया पिता/पति-स्वअसलम भाई पता-प्लाट न 82 शारदा चौक के पास कटोल रोड नागपुर महाराष्ट्र के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 596/4(0.0050) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता राजकुमारी सिन्हा पिता/पति-मनोज सिन्हा पता-वार्डन नगर पंचायत जिला राजनांदगांव 08 छुरिया के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16/12/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार छुरिया पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27/11/2024 को जारी किया जाता है।

सील **तहसीलदार: VIJAY KOTHARI तहसील-छुरिया**

**न्यायालय तहसीलदार छुरिया के न्यायालय मे मामला क्रमांक : 202501090200032**

विषय:- ब-121, मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन:- 2024-2025
छुरियाकला प.ह.न. 00020 [(हे0) ]
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार-कीर्तन बाई, अनावेदक पक्षकार -छ0ग0 शासन,

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका कीर्तनबाई पति स्व. मंगलु जाति धोबी निवासी छुरिया तहसील- छुरिया, जिला- राजनांदगांव द्वारा न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि आवेदिका अपनी दादी ननकी बाई का मृत्यु दिनांक 10.11.2003 को ग्राम छुरिया तहसील छुरिया में हुआ है जिसके मृत्यु का पंजीयन आवेदिका भूलवश नहीं करा पायी है जिसके फलस्वरूप आवेदिका द्वारा अपनी दादी ननकी बाई का मृत्यु दिनांक 10.11.2003 को दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है। आवेदिका द्वारा आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, पंचनामा, अनापत्ति प्रमाण पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र व आधार कार्ड की छायाप्रति पेश किया गया है।

उपरोक्त के संबंध मे जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की सुनवाई तिथि 27-01-2025 को स्वयं वकील/आममुख्यार के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह इश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10/01/2025 को जारी किया जाता है।

सील **तहसीलदार छुरिया**

## ज्ञान मंथन

*1) हाल ही में नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया किस देश में यूपीआई विकसित करेगा?*

*2) अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल मिनटमैन-3 किस देश ने विकसित की है?*

*3) भारतीय मूल के उस लेखक का क्या नाम है जिसके उपन्यास द इनहेरिटेन्स ऑफ लॉस को मैन बुकर पुरस्कार मिला है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) पेरू (2) अमेरिका (3) किरण देसाई (4) पीसीबी (5) कृष्ण प्रकाश 02

### कलेक्टर ने वर्ष 2024 के दौरान निर्वाचन कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने पर राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए चयनित होने पर जिले के अधिकारियों को दी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**राजनांदगांव (नांदगाँव टाइम्स)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने वर्ष 2024 के दौरान निर्वाचन कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने पर राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए चयनित होने पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, तत्कालीन अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर एवं तहसीलदार छुरिया श्री विजय कुमार कोठारी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि आगे भी इसी तरह निष्ठा एवं समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस के राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन 25 जनवरी 2025 को विवेकानंद सभागृह इंदिरा गांधी कृषि महाविद्यालय रायपुर में किया गया है। समारोह में वर्ष 2024 के दौरान निर्वाचन कार्यों में उत्कृष्ट कार्य के लिए अधिकारी एवं कर्मचारियों को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जाएगा। इसके अंतर्गत स्पेशल अवार्ड (स्वीप) के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, ईआरओ पुरस्कार के लिए दुर्ग संभाग से अपर कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर एवं एईआरओ पुरस्कार के लिए दुर्ग संभाग से तहसीलदार छुरिया एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी श्री विजय कुमार कोठारी का चयन किया गया है।



### नाम निर्देशन के दौरान प्रस्तुत किए जाने वाले आवश्यक दस्तावेज

**राजनांदगांव (नांदगाँव टाइम्स)।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत महापौर एवं पार्षद पद हेतु नाम निर्देशन के दौरान प्रस्तुत किए जाने वाले आवश्यक दस्तावेजों की आवश्यकता होती है। इसके तहत नाम निर्देशन पत्र प्रारूप 3 में पूर्णतः भरा हुआ अभ्यर्थी एवं प्रस्तावक द्वारा हस्ताक्षरित अधिकतम 2 नाम निर्देशन पत्र, प्रारूप 3-क में मजिस्ट्रेट व नोटरी द्वारा सत्यापित शपथ पत्र दो प्रति में (1 मूलप्रति एवं एक फोटोकॉपी) कोई भी खाना खाली नहीं छोड़ा जाना है, परिशिष्ट 13 मतपत्र तथा हिन्दी या अंग्रेजी के कैपीटल लेटर में निर्वाचन संबंधी दस्तावेजों में लिखे जाने वाले नाम की जानकारी, निक्षेप राशि की रसीद या चालान की मूल प्रति, निगम द्वारा जारी अदेय (नो ड्यूज) प्रमाण पत्र, अभ्यर्थी का स्टाम्प साईज (2*2.5 सेमी) का 12 फोटोग्राफ(टोपी, रंगीन चश्मा, वर्दी न हो), मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल अथवा पंजीकृत गैर मान्यता प्राप्त दल द्वारा खड़े किये जाने की स्थिति में प्ररूप 8 एवं 9 नाम वापसी के अंतिम समय 31 जनवरी 2025 अपरान्ह 3 बजे तक के पहले, आरक्षित सीट से लडने अथवा निक्षेप राशि में 50 प्रतिशत की छूट हेतु सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र की स्वसत्यापित प्रति, पार्षद पद हेतु प्रस्तावक उसी वार्ड का होना चाहिए।

# नगरीय निकाय निर्वाचन 2025: - महापौर पद हेतु 4 एवं पार्षद पद हेतु 41 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया

**राजनांदगांव (नांदगाँव टाइम्स)।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत नगर पालिका निगम राजनांदगांव के महापौर पद हेतु आज कुल 4 अभ्यर्थियों एवं पार्षद पद हेतु कुल 41 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र पत्र प्राप्त किया। नगर पालिका निगम राजनांदगांव के महापौर पद के लिए निर्दलीय दीपा रामटेके, निर्दलीय संदीप शुक्ले, निर्दलीय केवल रजक, आम आदमी पार्टी से कमलेश स्वर्णकार ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया। इस तरह अब तक महापौर पद हेतु कुल 7 अभ्यर्थियों एवं पार्षद पद हेतु कुल 61 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया। नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत नगर पालिका निगम राजनांदगांव अंतर्गत वार्ड क्रमांक 7 के पार्षद पद हेतु भारतीय जनता पार्टी से सरला मेश्राम, वार्ड क्रमांक 8 के पार्षद पद हेतु निर्दलीय प्रदीप कुमार चौहान, वार्ड क्रमांक 3 के पार्षद पद हेतु इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी से शैलेष कुमार ठावेर, वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद पद हेतु इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी से पूर्णिमा नागदेवे, वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद पद हेतु इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी से बैना बाई टुरहाटे, वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद पद हेतु इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी से राजा तिवारी, वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद पद हेतु इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी से राकेश कुमार देवांगन, वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद पद हेतु इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी से अरविंद कुमार वर्मा, वार्ड क्रमांक 7 के पार्षद पद हेतु इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी से रितिका बंजारी, वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद पद हेतु निर्दलीय कमल मिश्रा, वार्ड क्रमांक 13 के पार्षद पद हेतु इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी से हफीज खान, वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद पद हेतु इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी से सरोज यादव, वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद पद हेतु भारतीय जनता पार्टी से सुरेन्द्र कुमार साहू ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया। वार्ड क्रमांक 25 के पार्षद पद हेतु भाजपा से प्रतिभा सौरभ खंडेलवाल, वार्ड क्रमांक 17 के पार्षद

**अब तक कुल महापौर पद हेतु 7 एवं पार्षद पद हेतु 61 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया**

पद हेतु भाजपा से संजय शंकर मोरे, वार्ड क्रमांक 17 के पार्षद पद हेतु भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से दयालाल देवांगन, वार्ड क्रमांक 23 के पार्षद पद हेतु निर्दलीय गुरूमुखदास वाधवा, वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद पद हेतु भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से रामनाथ रजक, वार्ड क्रमांक 26 के पार्षद पद हेतु भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से श्यामती, वार्ड क्रमांक 26 के पार्षद पद हेतु भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से देवकी यादव, वार्ड क्रमांक 17 के पार्षद पद हेतु भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से जयनारायण सिंह राजपूत, वार्ड क्रमांक 22 के पार्षद पद हेतु भाजपा से प्रियंका कुरंजेकर, वार्ड क्रमांक 25 के पार्षद पद हेतु भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से निकहत परवीन ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया। वार्ड क्रमांक 43 के पार्षद पद हेतु कांग्रेस पार्टी से कुसुम साहू, वार्ड क्रमांक 48 के पार्षद पद हेतु कांग्रेस पार्टी से भगवान दास, वार्ड क्रमांक 47 के पार्षद पद हेतु कांग्रेस पार्टी से अवधेश प्रजापति, वार्ड क्रमांक 44 के पार्षद पद हेतु कांग्रेस पार्टी से हरिशंकर नेताम, वार्ड क्रमांक 41 के पार्षद पद हेतु भाजपा से सतीश कुमार, वार्ड क्रमांक 42 के पार्षद पद हेतु कांग्रेस पार्टी से कीर्ति साहू ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया। वार्ड क्रमांक 37 के पार्षद पद हेतु भारतीय जनता पार्टी से राजेश जैन (बैद), वार्ड क्रमांक 30 के पार्षद पद हेतु भारतीय जनता पार्टी से चन्द्रशेखर लश्करे, वार्ड क्रमांक 39 के पार्षद पद हेतु निर्दलीय, भारतीय जनता पार्टी से अशोक कुमार शर्मा, वार्ड क्रमांक 35 के पार्षद पद हेतु भारतीय जनता पार्टी से भागनदास साहू, वार्ड क्रमांक 36 के पार्षद पद हेतु भारतीय जनता पार्टी से हेमराज साहू, वार्ड क्रमांक 39 के पार्षद पद हेतु कांग्रेस से दुर्गा देवांगन, वार्ड क्रमांक 29 के पार्षद पद हेतु कांग्रेस से सुषमा सिंह चौहान, वार्ड क्रमांक 39 के पार्षद पद हेतु निर्दलीय ललित जैन, वार्ड क्रमांक 39 के पार्षद पद हेतु आम आदमी पार्टी से पवन पटवा, वार्ड क्रमांक 37 के पार्षद पद हेतु इंडियन नेशनल कांग्रेस से मो. कादिर बडगुजर, वार्ड क्रमांक 27 के पार्षद पद हेतु इंडियन नेशनल कांग्रेस से प्रज्ञा गुप्ता, वार्ड क्रमांक 28 के पार्षद पद हेतु भाजपा से रामूलाल सोनकर ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया।

## श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ पर वनांचल क्षेत्र राममय

**गोटाटोला (नांदगाँव टाइम्स)।** समीपस्थ आदर्श ग्राम मोहभट्ठा में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ पर दो दिवसीय मानस गान सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम दिवस जामडी पाटेश्वरधाम से रामबालकदास जी माहत्यागी का आर्शीवचन प्राप्त हुआ छत्तीसगढ़ के ख्याति प्राप्त मंडली ने शिरकत किया जिसमें राज कट्टा औधी मानपुर अंबागढ़ चौकी के क्षेत्रीय मंडली की महत्वपूर्ण भूमिका रही मानस ज्ञान कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि श्री लखन कलामे जी जिला अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा भाजपा डी आर आचला सेवानिवृत पुलिस महानिरीक्षक मानपुर श्रीमती सविता सोरी जी समाजसेवी मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी चैत राम कोमरे जनपद सदस्य मोहला श्री मानसिंह टेकाम जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद मोहला मानपुर चौकी श्री टेक राम भंडारी कार्यकारी अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी श्री गोपाल कोरेटी सरपंच ग्राम पंचायत मोहभटठा की सानिध्य में संपन्न हुआ समापन अवसर पर सरपंच ग्राम पंचायत मोहभटठा चिंता राम नायक समाजसेवी नोहर दास साहू समाजसेवी आधार सिंह पुरामें ग्राम पटेल वेदराम मंडावी ग्राम पुजारी चेमन दास साहू समाजसेवी यशवंत कोरेटी डोमन लाल साहू तिलक राम साहू जीवन दास मानिकपुरी भागवत दास मानिकपुरी फागवा राम भूआर्य शिक्षक मालिक राम पुरामें शिक्षक रेशकुमार ढालेंद्र शिक्षक आशुराम टीकम शिक्षक रामकुमार साहू चंद्रभान साहू चेतन लाल साहू मिथलेश साहू प्यारेलाल मंडावी अखाराम कोरेटी नोहरसिंह पुरा में गजानंद नेताम रमेश कोमरे दयालु लटिया अगेश मंडावी भुवनेश्वर प्रसाद फरादिया संतु राम साहू नंदलाल साहू हृदय लाल नेताम वेद प्रकाश साहू भीषम साहू सोमनाथ निषाद भोज कुमार साहू नारायण दास साहू टामण दास साहू दीपक साहू हरिश नायक समीर मंडावी कृष्णा मंडावी विक्की साहू एवं नवयुवती एवं नवयुवक समिति महिला समूह ग्राम पंचायत के समस्त पंचगनी एवं आश्रित ग्राम भीमपुरी, हर्राटोला ,नवाटोला, सूअरपाल और समस्त ग्रामवासी मोहभट्टा का विशेष योगदान रहा और कार्यक्रम के उदघोषक देवेंद्र पटेल जी माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला परिवार स्वच्छता अभियान समूह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



## यातायात पुलिस सड़क सुरक्षा माह में यातायात नियम व रोड एक्सीडेंट रोकथाम हेतु हर संभव प्रयास किया जा रहा है

**खैरागढ़ (नांदगाँव टाइम्स)।** पुलिस अधीक्षक खैरागढ़-छुईखदान-गंडई श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्रीमान त्रिलोक बंसल,के मार्गदर्शन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतेश कुमार गौतम के दिशा निर्देश में आज दिनांक को यातायात जागरूक करने हेतु आम रोड खैरागढ़ में लोगों के द्वारा यातायात नियम पालन नहीं कर बिना हेलमेट बिना सीट बेल्ट पहन कर चलने से रोड एक्सीडेंट में होने वाले नुकसान को बताने के लिए यमराज एवं चित्रगुप्त बनाकर रोड में लोगों को जागरूक किया वह लोगों को आने-जाने वाले लोगों को बिना हेलमेट पहने व्यक्तियों को अगर आपके द्वारा हेलमेट नहीं पहन कर वाहन चलाते पाया गया तो यमराज आकर ले जा लेंगे की बात को बात को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से शहर के अमलीपर इतवारी बाजार बस स्टैंड दुर्गा चौक में लोगों को जागरूक किया हुआ व जागरूक कर हेलमेट पहनने और यातायात नियमों का पालन करने प्रोत्साहित किया गया यातायात पुलिस खैरागढ़ के द्वारा आम-जन को सुरक्षित परिवहन उपलब्ध कराने एवं आम-जन में यातायात नियमो के पालन हेतु यातायात पुलिस खैरागढ़ का अभियान जारी है।



## शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वार्षिक खेल प्रतियोगिता संपन्न



**राजनांदगांव (नांदगाँव टाइम्स)।** शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव के क्रीड़ा विभाग द्वारा दिनांक 21.01.2025 को ऑउटडोर प्रतियोगिता के अंतर्गत 100 मीटर दौड़, गोली चम्मच दौड़, तीन तंगडी दौड़, रिले रेस, स्लो साईकिल रेस, गोला फेंक तया फेंक एवं लंबी कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. ओपी गुप्ता, प्राचार्य-शासकीय महाविद्यालय, जालबांधा, दुर्ग थे। अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा ने छात्राओं को शासन द्वारा दिए गए खेल सुविधाओं से अवगत कराया। साथ ही छात्राओं को अधिक से अधिक खेलों में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया। मुख्य अतिथि डॉ. ओपी गुप्ता द्वारा छात्राओं को शारीरिक रूप से स्वस्थ्य रहने हेतु खेलकूद में हिस्सा लेने एवं प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ओमप्रकाश शर्मा द्वारा किया गया। आउटडोर प्रतियोगिता का परिणाम निम्नानुसार रहा-100 मीटर दौड़ में प्रथम हेमलता कोमरे (बीए तृतीय वर्ष), द्वितीय विधि पटेल (बीए तृतीय वर्ष), तृतीय अंजली निषाद (बीएससी द्वितीय वर्ष), त्रिटंगी दौड़ में प्रथम अमीषा साहू (बीए तृतीय वर्ष) एवं विधि पटेल (बीण्एण् तृतीय वर्ष), द्वितीय प्रिया पटेल (बीएससी प्रथम वर्ष) एवं अंजली निषाद (बीएससी द्वितीय वर्ष), तृतीय पूनम यादव (बीएससी द्वितीय वर्ष) एवं लोकेश्वरी (बीए द्वितीय वर्ष), गोली चम्मच दौड़ में प्रथम फनेश्वरी साहू (बीए द्वितीय वर्ष), द्वितीय संध्या नेताम (बीएससी द्वितीय वर्ष) एवं तृतीय भारती नेताम (बीए द्वितीय वर्ष), रिले रेस में प्रथम अमीषा साहू (बीए तृतीय वर्ष), विधि पटेल (बीए तृतीय वर्ष), प्रिया पटेल (बीएससी प्रथम वर्ष) भारती नेताम (बीए द्वितीय वर्ष), द्वितीय भारती कंवर (बीएससी द्वितीय वर्ष), तीजेश्वरी (बी. कॉम द्वितीय वर्ष), संध्या नेताम (बीण्एसण्सीण् द्वितीय वर्ष) वीणा लाटिया, (बीएससी तृतीय वर्ष), तृतीय कविता साहू (बीए), दिव्य कविता (बीए द्वितीय वर्ष), रीना यादव (बीए द्वितीय वर्ष), चांदनी निषाद (बीए द्वितीय वर्ष), लंबी कूद में प्रथम अमीषा साहू (बीण्एण् तृतीय वर्ष), द्वितीय विधि पटेल (बीए तृतीय वर्ष), तृतीय लोकेश्वरी (बीए तृतीय वर्ष), गोला फेंक में प्रथम लोकेश्वरी (बीए तृतीय वर्ष), द्वितीय अमीषा साहू (बीए तृतीय वर्ष), विधि पटेल (बीए तृतीय वर्ष), तृतीय जया भारती (बीएससी द्वितीय वर्ष), तवा फेंक में प्रथम पूनम यादव (बीएएसी द्वितीय वर्ष), द्वितीय विधि पटेल (बीए तृतीय वर्ष), तृतीय लोकेश्वरी (बीए तृतीय वर्ष), स्लो साइकिल रेस में प्रथम विधि पटेल (बीण्एण् तृतीय वर्ष), द्वितीय पलक बाफना (बीएससी तृतीय वर्ष), तृतीय करीना धनकर (पीजी डिप्लोमा योगा) शामिल है। सभी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्राओं को मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।



वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता में महाविद्यालय की डॉ. हरप्रीत कौर गरचा, डॉ. जयसिंग साहू, डॉ. ओंकार लाल श्रीवास्तव, डॉ. बसंत कुमार सोनबेर एवं अन्य सहायक प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता, जनभागीदारी प्राध्यापक, स्ववित्तीय शिक्षक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थी। प्रतियोगिता के सफल संचालन में विशेष रूप से अमरनाथ निषाद, डॉ. अर्चना खरे, सुश्री प्रिया तलरेजा, श्रीमती सानवी पंजवानी, खिलेन्द्र कुमार सोनी, चंदन साहू, योगेन्द्र यादव, सुश्री हर्षा कुशवाहा, डॉ. पूजा चौधरी, उमेश पनरिया, सुरेन्द्र पटले, सुश्री गीता साहू एवं धनेश पटेल ने सहयोग दिया।

## धर्म समाचार....

## लड्डू गोपाल को सुलाते समय जरूर ध्यान रखें ये बातें, सफल होगी पूजा



जिन लोगों के घरों में लड्डू गोपाल विराजमान होते हैं उन्हें कई तरह के नियमों का ध्यान रखना होता है ताकि उनकी सेवा सफल हो सके। साधक अपनी तरफसे पूजा-सेवा में कोई कमी नहीं छोड़ता लेकिन कई बार अनजाने में भी हम कुछ भूल कर बैठते हैं जिस कारण हमें पूजा का पूर्ण फल नहीं मिलता। कई भक्त भगवान कृष्ण के बाल स्वरूप यानी लड्डू गोपाल की पूजा-सेवा करते हैं। इनका ख्याल एक छोटे बालक की तरह ही रखा जाता है। सुबह उठाकर स्नान कराने से लेकर रात में भोग लगाकर सुलाने तक, ये सभी चीजें लड्डू गोपाल की सेवा का ही हिस्सा हैं। ऐसे में उन्हें रात में सुलाते समय कुछ नियमों का ध्यान जरूर रखना चाहिए। चलिए जानते हैं वह नियम।

**सुलाने से पहले लगाएं ये भोग**

जिस तरह हम एक छोटे बच्चे को सुलाने से पहले दूध पिलाते है, उसी तरह लड्डू गोपाल को भी सुलाने से पहले दूध का भोग लगाना चाहिए। खाने का भोग लगाने के थोड़ समय बाद दूध का भोग लगाना चाहिए। इसके बाद लड्डू गोपाल को सुला सकते हैं।

**इस तरह करवाएं शयन**

अगर सर्दियों का समय है, तो लड्डू गोपाल को सुलाने से पहले उनके बिस्तर पर छोटी-सी रसाई बिछानी चाहिए और उन्हें गर्म कपड़ा ओढ़ाना चाहिए। साथ ही एक छोटा-सा तकिया भी रख सकते हैं। आप चाहें, तो ये चीजें घर में ही तैयार कर सकते हैं, या फिर बाजार से भी खरीद सकते हैं।

**जरूर करें ये काम**

आप लड्डू गोपाल को रात के अलावा दिन में भी सुला सकते हैं। क्योंकि एक छोटे बच्चे को भी दिन में सुलाजा जाता है। जब भी लड्डू गोपाल को सुलाएं, तो पर्दा जरूर लगा दें। इसके साथ ही उन्हें उठाने से पहले घंटी या ताली जरूर बजानी चाहिए।

**इन बातों का रखें ध्यान**

अगर आप कहीं बाहर जा रहे हैं, तो रात के समय कभी भी लड्डू गोपाल को घर में अकेला न छोड़ें। आप चाहें, तो लड्डू गोपाल को साथ लेकर जा सकते हैं। लेकिन अगर ऐसा करना संभव नहीं है, तो आप किसी जानकार को भी अपने लड्डू गोपाल सौंप सकते हैं।



### महाभारत युद्ध के बाद कहां चले गए धृतराष्ट्र की आंखें बनने वाले संजय?

संजय गावाल्गण नामक सूत के पुत्र थे। वह पांडवों के प्रति सहानुभूति रखते थे क्योंकि उन्हें पता था कि पांडवों के साथ गलत हो रहा है। कथा के अनुसार महाभारत के युद्ध में वह नेत्रहीन धृतराष्ट्र की आंखें बने थे अर्थात उन्होंने युद्ध का सारा आंखों देखा हाल महल में बैठे-बैठे धृतराष्ट्र को सुनाया था। उन्हें यह शक्ति वेदव्यास द्वारा प्रदान की गई थी। धर्म डेस्क, महाभारत के प्रमुख पात्रों में से एक रहे हैं, जो हस्तिनापुर के राजा धृतराष्ट्र के सलाहकार और सारथी भी थे। लेकिन क्या आप जानते हैं कि महाभारत युद्ध की समाप्ति के बाद आखिर संजय कहां गए और किस तरह अपना जीवन जिया? आज हम आपको इसी के बारे में बताने जा रहे हैं। महाभारत के युद्ध में पांडवों की जीत हुई थी। कहा जाता है कि युद्ध की समाप्ति के बाद संजय काफी समय तक युधिष्ठिर के राज्य में रहे थे। यह भी माना जाता है कि जब महाराज धृतराष्ट्र, उनकी पत्नी गांधारी और पांडवों की माता कुंती ने संन्यास लिया, तो संजय ने भी उन तीनों के साथ संन्यास ले लिया। यह भी कहा जाता है कि धृतराष्ट्र की मृत्यु होने के बाद संजय हिमालय में जाकर रहने लगे।




**संजय से जुड़ी अन्य खास बातें**- संजय हमेशा धर्म का साथ देते थे और बेहद विनम्र और धार्मिक स्वभाव के थे। वह महाराज धृतराष्ट्र के सामने भी अपनी बात कहने में नहीं हिचकिचाते थे, चाहे वह बात राजा के विरोध में ही क्यों न हो। संजय, वेदव्यास के शिष्य थे, जिन्होंने उन्हें दिव्य दृष्टि का वरदान दिया था। महाभारत की युद्ध भूमि में जब भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को अपने विराट स्वरूप के दर्शन दिए, तो इस दर्शन का लाभ संजय को भी मिला। धृतराष्ट्र ने महाभारत के युद्ध को टालने के लिए संजय को ही पांडवों के पास समझाने के लिए भेजा था। लेकिन संजय यह जानते थे कि अब युद्ध नहीं टाला जा सकता।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, टैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

## थाना बसंतपुर पुलिस की त्वरित कार्रवाई

# हत्या के प्रयास के आरोपी को 4 घंटे में किया गिरफ्तार

**राजनांदगांव। ( नांदगाँव टाइम्स )।** थाना बसंतपुर पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के महज 4 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। आरोपी की पहचान मोनू यादव (पिता देवीलाल यादव, निवासी इंदिरा नगर, थाना बसंतपुर) के रूप में हुई है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू भी जप्त कर लिया है।

**घटना का विवरण:-**

दिनांक 22 जनवरी 2025 को रात लगभग 9:30 बजे, प्रार्थिया मीनू साहू (पति मनोज साहू, निवासी कुआं चौक नंदई, थाना बसंतपुर) ने शिकायत दर्ज कराई कि उसके पति मनोज साहू को एक फोन कॉल आया, जिसके बाद वह कुआं चौक की ओर गए। लगभग 10 बजे सूचना मिली कि मोनू यादव ने उनके पति पर धारदार चाकू से गले के नीचे जानलेवा हमला किया। मनोज साहू को गंभीर अवस्था में मेडिकल कॉलेज पेंड्री में भर्ती कराया गया।

इस घटना पर थाना बसंतपुर में अपराध क्रमांक 35/2025 के तहत धारा 109 भादवि के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया।

**पुलिस की कार्रवाई**

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा और नगर पुलिस अधीक्षक




श्री पुष्पेंद्र नायक के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में टीम गठित की गई।

आरोपी मोनू यादव, जो घटना के बाद फरार हो गया था, को मुखबिर की सूचना पर 4 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने अपना अपराध स्वीकार किया। आरोपी से घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू बरामद किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

**आरोपी का आपराधिक इतिहास**

मोनू यादव थाना बसंतपुर का आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ पहले भी कई मामले दर्ज हैं, जिनमें शामिल हैं:

0 अपराध क्रमांक 132/18: धारा 294, 506, 323, 34

0 अपराध क्रमांक 217/18: धारा 294, 323, 506

0 अपराध क्रमांक 216/18: धारा 457, 380

**टीम की सराहनीय भूमिका**

इस कार्रवाई में निरीक्षक एमन साहू, सहायक उपनिरीक्षक गोवर्धन देशमुख, प्रधान आरक्षक राजेश परिहार, आरक्षक प्रवीण मेश्राम, मोहसीन खान, राजेश्वर बंदेश्वर और रूपेंद्र वर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। थाना बसंतपुर पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर लोगों में विश्वास मजबूत हुआ है।

# वार्ड नं 10 के प्रबल दावेदार ताहिर खान ने लिया नामांकन फार्म

## वार्ड के सजग व मिलनसार दावेदार प्रत्याशी को मतदाताओं का मिल रहा आशिर्वाद

**छुरिया ( नांदगाँव टाइम्स )।** नगरीय निकाय चुनाव बिगुल बजते ही नगर में चुनावी महौल सरगर्मी तेज हो गई जहां कांग्रेस व भाजपा दोनों ही पार्टियों में अपना-अपना अध्यक्ष व वार्ड पार्षदों के दावेदारों को लेकर बैठकों में दमदार प्रत्याशी चुनने आवेदन का दौर जारी रहा। वहीं इस चुनाव में अन्य दल हमर राज पार्टी ने भी अपना ताल ठोक दिया है। जिसके चलते इस बार छुरिया में नगरीय निकाय चुनाव त्रिकोणीय चुनाव होना है। वहीं नामांकन फार्म लेने के पहले दिन हीं हमर राज पार्टी के जिला अध्यक्ष मनभावन सिंह उईके ने फार्म लिया है। जबकि अभी तक दोनों ही राष्ट्रीय दलों ने अपने उम्मीदवारों के नाम कि घोषणा नहीं कि है जिससे दोनों पार्टियों के दावेदारों में टिकट को लेकर चौक चौराहों पर संशय बना हुआ है। हांलांकि कुछ दावेदारों ने चुनाव नजदीक होने से अपनी तैयारी में



कोई कमी छोड़ना नहीं चाहते जिसके चलते पार्टी से टिकट दावेदार घोषणा से पहले अपना नामांकन फार्म लेते नजर आ रहे हैं। इसी तारतम्य में वार्ड क्रमांक 10 के प्रबल दावेदार ताहिर खान ने तहसील कार्यालय पहुंचकर नामांकन फार्म लेकर अपना दावेदारी जाहिर किया है। आपको बता दें ताहिर खान नगर में साफछवि मिलनसार व्यक्तित्व के धनी हैं। वे हमेशा लोगों से जमीनी स्तर पर जुड़कर नि:स्वार्थ हर संभव मदद का प्रयास करते नजर आते हैं। इनके इसी व्यवहार को लेकर वार्ड वासियों के बीच हमेशा मान सम्मान बरकरार रहता है। वहीं वार्ड वासियों कि सेवा के लिए इस बार होने वाले नगरीय निकाय चुनाव में वार्ड नं 10 से ताहिर खान ने पार्षद चुनाव लड़ने का फैसला लिया है। जिससे वार्ड वासियों में ताहिर खान के मैदान में उतरने पर वार्ड वासियों में खुशी कि लहर दौड़ गई है।



### जिला स्तरीय मुख्य समारोह दिग्विजय स्टेडियम में मंत्री टंकराम वर्मा करेंगे ध्वजारोहण

**राजनांदगांव ( नांदगाँव टाइम्स )।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन 26 जनवरी 2025 को सुबह 9 बजे दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में आयोजित किया जाएगा। समारोह में खेल एवं युवा कल्याण एवं राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्री श्री टंकराम वर्मा मुख्य अतिथि होंगे। मंत्री श्री टंकराम वर्मा द्वारा 26 जनवरी 2025 को सुबह 9 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा एवं परेड की सलामी ली जाएगी। मंत्री श्री वर्मा परेड का निरीक्षण एवं मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम, विभागीय झांकियों का प्रस्तुति एवं पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

# जिला कांग्रेस ग्रामीण ने प्रत्याशी चयन को लेकर की आवश्यक बैठक

### जिपं चुनाव को लेकर दावेदारों ने की आवेदन प्रस्तुत

**राजनांदगांव ( नांदगाँव टाइम्स )।** जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू के निर्देशन में सभी ब्लॉक में आयोजित जिला पंचायत क्षेत्र के प्रत्याशी चयन हेतु आवश्यक बैठक ली गई। जिसमें लगभग सभी जिला पंचायत क्षेत्र के दावेदारों ने अपने अपने पर्यवेक्षक के पास आवेदन प्रस्तुत किया है। इसी कड़ी में भागवत साहू ने जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 3 टेडेसरा से अपने मजबूत दावेदारी करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के उपाध्यक्ष व पर्यवेक्षक पंकज बांधव को अपने आवेदन प्रस्तुत किया है।

**राजनीतिक पृष्ठभूमि** - अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव (वर्तमान मे)। पूर्व ब्लाक उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस राजनांदगांव। सरपंच, ग्राम पंचायत टेड़ेसरा, ज.पं. राजनादंगांव। जिला



अध्यक्ष, पंचायतराज संगठन, राजनांदगांव।सचिव, जिला कांग्रेस कमेटी, राजनांदगांव। महामंत्री, जिला कांग्रेस कमेटी, राजनांदगांव। वर्तमान महामंत्री, जिला कांग्रेस कमेटी, राजनांदगांव। राजनीतिक सक्रिय कार्यो मे बड़चड़ कर हिस्सा लेने के कारण भाजपा शासनकाल मे 45 दिवस तक जेल कारावास एवं किसान आंदोलन एवं आंदोलनों में सक्रिय भागीदारी रहा है।

**सामाजिक पृष्ठभूमि** - अध्यक्ष, जिला साहू संघ राजनांदगांव। अध्यक्ष, जिला साहू संघ, राजनीतिक प्रकोष्ट। अध्यक्ष, जिला साहू संघ राजनांदगांव (निर्वाचित 2004)। संगठन सचिव, प्रदेश साहू संघ रायपुर (निर्वाचित)। संगठन सचिव, प्रदेश साहू संघ रायपुर (निवाचित)। संरक्षक, जिला साहू संघ राजनांदगांव। अध्यक्ष, तहसील साहू संघ, राजनांदगांव (निवाचित)। अध्यक्ष, जिला साहू संघ राजनांदगांव (निर्वाचित 2017 से 2022) हैं।

# भोजवानी साहू द्वारा नगर में भंडारा का आयोजन

## श्रीराम भगवान के प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ के उपलक्ष्य में हुआ आयोजन



**छुरिया ( नांदगाँव टाइम्स )।** अयोध्या में श्री रामलल्ला के प्राण प्रतिष्ठा दिवस के एक वर्ष पूरा होने के अवसर पर वार्ड क्रमांक 14 और 15 के वार्डवासियों एवं भोजवानी साहू भोजवानी ऑनलाइन सेंटर के संचालक और नगर पंचायत अध्यक्ष पद के प्रबल दावेदार के द्वारा भव्य भंडारे का कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें लगभग 2000 लोगों ने भोजन प्रसादी ग्रहण किया।

मिली जानकारी के अनुसार भोजवानी साहू जो नगर पंचायत अध्यक्ष पद में कांग्रेस से अपना प्रबल दावेदारी किया है। जिसने लगातार नगर में जनहित, सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रम कर नगर के जनता के विश्वास पर खरा उतरा है ।इसी क्रम में 22 जनवरी को श्रीराम भगवान के प्राण प्रतिष्ठा के 1 वर्ष पूरा होने के शुभ अवसर पर वार्ड क्रमांक 14 व वार्ड क्रमांक 15 में नगर पंचायत कार्यालय के सामने भव्य भंडारा का कार्यक्रम रखा गया ।वहीं ऐतिहासिक कलश यात्रा भी निकाली गई तत्पश्चात शाम 7:00 बजे से भंडारा का कार्यक्रम शुरू हुआ ।जिसमें महिला पुरुष बच्चे बूढ़े सहित लगभग 2000 लोगों ने भोजन प्रसादी ग्रहण किया। बताया जाता है कि भोजवानी साहू और उनकी धर्मपत्नी ने भंडारे में भोजन परोसने व झूठा पत्तल उठाने का काम कर लोगों के मन को मोह लिया ।उन्होंने छुरिया के जनता को लाने के लिए गाड़ी का भी इंतजाम था ।भोजवानी साहू ने बताया कि पिछले वर्ष भी 22 जनवरी को श्री राम भगवान के प्राण प्रतिष्ठा के दिन वार्ड क्रमांक 14 और वार्ड क्रमांक 15 में भंडारे का कार्यक्रम किया गया था उन्होंने बताया कि यहां भंडारे का कार्यक्रम प्रतिवर्ष अनवरत जारी रहेगा।



# बस्तर टूर दुर्घटना मामले जांच टीम हुई गठित

## तीन सदस्यीय टीम के साथ होगी विभागीय जांच, तीन शिक्षक एक शिक्षिका पर होगी विभागीय जांच

**अंबागढ़ चौकी ( नांदगाँव टाइम्स )।** मोहला विकासखंड के केंवटटोला से बस्तर टूर में गए शिक्षक शिक्षिका पर लापरवाही और बिना परमिशन के टूर में जाने वाले पर जिला शिक्षा अधिकारी ने जांच टीम गठित किया है। शनिवार रात्रि केंवटटोला शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक और शिक्षक शिक्षिका लगभग पचास बच्चों को लेकर बस्तर भ्रमण में लेकर गए थे,बच्चों को चित्रकूट,तीरथगढ़,दंतेवाड़ा,बारसूर लेकर वापसी के दौरान कोंडागांव के नया बस स्टैंड के पास बस और ट्रक में भिड़ंत हो गई थी जिसमें एक शिक्षक राजकुमार भुआर्य और बस ड्राइवर की मौके मौत हो गई थी साथी बारह बच्चों को चोटें आई थी जिनमे तीन बच्चों को गंभीर अवस्था मे रायपुर मेकाहारा में बेहतर इलाज ले लिए रिफर किया गया था । बीस तारीख को विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने चारों शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया था और तीन दिवस के भीतर अपना पक्ष रख जवाब




मांगा गया है ।

**जांच के लिए तीन सदस्यीय तीन हुई गठित**

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला केंवटटोला के स्कूली बच्चों को टूर में लेकर जाने वाले शिक्षक शिक्षिका पर विभाग लापरवाही बरतने वाले को नोटिस देकर जवाब मांगा है, बिना सक्षम अधिकारी के बस्तर टूर में ले जाकर बच्चों की जान जोखिम में डालना और एक शिक्षक की मौत पर जांच टीम गठित किया गया है । जिला शिक्षा अधिकारी ने तीन सदस्यीय जांच अधिकारी नियुक्त किया है जिनमे एसके धीवर विकासखंड शिक्षा अधिकारी अम्बागढ़ चौकी,एनके निरापुरे प्राचार्य शासकीय हाईस्कूल कोराचा और रूपेश तिवारी व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सिंघाभेड़ी को जांच की जिम्मेदारी दी गई है । वही जांच कर पाँच दिनों के भीतर जांच कर प्रतिवेदन कार्यालय में जमा करना है ।

**एक प्रधानपाठक,शिक्षिका और दो शिक्षकों पर होगी जांच**

बिना सक्षम अधिकारी के बस्तर टूर में लेकर जाने वाले लापरवाह शिक्षकों पर तीन सदस्यीय जांच कमेटी करेगी जिनमे केंवटटोला प्रधानपाठक भीमराव बारसागढ़े, दिलीप गोरे शिक्षक एलबी,कोकिला मण्डावी शिक्षक एलबी,बलवंत हिरवानी शामिल है । मासूमो की जान जोखिम में डालने और एक शिक्षक की मौत पर जांच क्या फैसला आएगा ये जांच के बाद पता चलेगा।

### ग्राम रीवागहन में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ मनाया गया

**डोंगरगांव ( नांदगाँव टाइम्स )।** अयोध्या में नव निर्मित श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ 22.जनवरी के रीवागहन में भगवान



श्री रामचन्द्र जी के मंदिर में पुजा कर गांव में कलश शोभायात्रा निकाली गई एवं संध्या में महाआरती किया गया इस अवसर पर ग्राम रीवागहन के समस्त महिलायें एवं ग्रामवासी तथा श्रद्धालुगण एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में विशेष तौर पर ग्राम रीवागहन के रामायण कर्ताओं का योगदान है तथा इन श्रद्धालुओं ग्राम में प्रतिदिन प्रात: प्रभातफेरी किया जाता है। इस कार्यक्रम ग्राम के पटेल गोविन्द पटेल, जगेसर साहू, मुन्नाराम साहू, जगतराम साहू, अशोक कुमार हिरवानी, भडोहर पटेल, सेवाराम पटेल, पोखन पटेल, आंनद साहू, योगेश्वर साहू, आदि उपस्थित थे।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com